श्री कर्ण सिह दलालः अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने सदन के सामने कुछ देर पहले बात कही थी हरियाणा पब्लिक सर्विस कमी ान की हैडमास्टरों और प्रिंसिपल्ज की पोस्टों के लिए सिलैक ान के बारे में लिखेंगे।

श्री अध्यक्षः यह सवाल स्कूलों की अपग्रेडे ान से सम्बन्धित है। आप जो सवाल पूछना चाहते है, वह इस सवाल में से नहीं बनता।

श्री कर्ण सिंह दलालः अध्यक्ष महोदय, जिला फरीदाबाद के पलवल हल्के में मनौली में लड़कीयों के लिए 5 वें दर्जे तक का स्कूल है। उस गांव के लोगों ने इस स्कूल के लिए और कमरे बनवा दिये है। मैं माननीय मंत्री महोदया से जानना चाहूंगा कि जब गांव वालों ने और कमरे बनवा दिये हैं तो क्या सरकार इस स्कूल को 8वें दर्जे तक का स्कूल करने बारे में विचार करेंगी?

श्रीमति भाांति देवी राठीः स्पीकर साहब, ये लिख कर भेज दे, इस पर विचार कर लिया जाएगा।

श्री पीर चन्दः अध्यक्ष महोदय, जाखल तहसील के मुकाबले का गांव है और वहां म्यूनिसिपल कमेटी भी है और उस स्कूल में करीब एक हजार बच्चे पढ़ते है। जाखल की आवादी 15 हजार के करीब है। वहां पर 10 वीं का एक स्कूल ळै जिसके

10+2 में कन्वर्ट करने को कहा गया था लेकिन वह स्कूल अभी 10+2 का चालू नहीं हुआ है। मै माननीय मंत्री महोदय को बताना चाहूंगा कि जब इसमें 25 कमरे बने हुए है, इसको 10+2 तक करके कब तक चालू किया जाएगा? (विघ्न)

श्रीमति भाांति देवी राठीः इस बारे में अव य विचार किया जाएगा।

श्री सतबीर सिंह कादयानः स्पीकर सर, सोनीपत में जे0 बी0 टी0 स्कूल के बारे में.....(विघ्न)

Mr. Spaker: This supplementary does not arise out of this question. You please taken your seat. Question Hour is over.

नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गए तारांकित प्र नों के लिखित उतर

Water Works for Kuchnana Kund and Kuchrana Kalan

509. Shri Ram Kjumar Katwal: Will the Minister for Piblic be pleased to state whether there is any proposal under conideration of the Governement to construct water works at village Kuchrana Khurd and Kucharana Kalan, in District Jind; if so the time by which the said water works are likely to be constiucted?

जन स्वास्थ्य मंत्री (श्री निर्मल सिंह): इन दो गांवो में अलग से जल घर बनाने का प्रस्ताव नही है।

Purchase of Semen

526. Prof. Sampat Singh: Will the Minister for Animal Husbandry be pleased to state whether Animal Husbandry Department has purchased semen from the Australian Govt. during the year 1991-92 and 1992-93; if so, the details thereof togetherwith the amount spent thereon?

प ुपालन राज्य मंत्री (राव धर्म पाल): जी हां। वर्श 1991–92 में आस्ट्रेलियन फ्रीजीयन साहीवाल, फ्रोजन सीमन की 5000 खुराके वाकोल कृत्रिम अजनन केन्द्र वाकोल प्राथमिक उद्योग विभाग, कवीनजलैण्ड सरकार (आस्ट्रेलिया) से कुल 7.00 लाख रूपय (3500 आस्ट्रेलियन डालर) की रा ि ा से क्रम की गई थी। वर्श 1992–93 में कोई खरीद नहीं की गई।

Geeta Kendra at Kurukshetra

527. Dr. Ram Parkash: Will the Chif Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Govt. to set up Geeta Kendra at Kurukshetra; and

(b) if so, the time by which the aforesaid Kendra is likely to set up?

स्थानीय भाासन राज्य मंत्री (चौधरी धर्मबीर गाबा):

(क) एवं (ख): जी हां। इस परियोजना का पूरा होना धन की उपलन्धता पर निर्भर करता है।

Allecation of Funds to Irrigation Department

498. Shri Zakir Hussain: Will the Minister for Irrigation be pleased to state the sub-division-wise total funds allocated for different shemes, including disitting of the Canals to the Irrigation Department during the year 1991-92 and 1992-93 in the State?

Interim Reply

Jagdish Nehra

D.O. No.PS/IPAM-93/4

Irrigation & Pariamentary

Affairs Minister, Hryana

Chandigarh.

Dated 2-3-93

Subject: Starred assembly qusembly question No. 498 asked by Shri Zakir Hussain, M.L.A. fixed for 5-3-93. Extension in time for reply.

Sir,

To reply the above question, information is required to be based on the voluminous tigures to be collected from different Cit Cles, Divisions and Sub-Divisions of all the administrations namely, Canals, Drainage, Co nstructions, Lining etc. of Irrigation Department and it will take some time. As such, it will not be possible for the Government to reply the question on 5-3-1993. Therefore, I request you to grantextenstion in time for one month for prepar ing the reply.

With regards,

Yours sincerely.

Sd/-

(Jagdish Nehra)

Shri Ishwar Singh,

Speaker, Haryana Vihan Sabha,

Chandigarh.

Central Cooperative Banks

521. Sathi Lahri Singh: Will the Minister for Cooperation be pleased to state-

(a) the disrict-wise details Central Cooperative Banka in the State as at present; and

(b) whether there is also any proposal under consideration of the Government to open a Central Cooperative Bank at Yamuna Nagar and Branch of Cooperative Bank at Kheri Lakha Singh in District Yamuna Nagar; and

(c) if so, the time by which the aforeaid proposal is likely to be materaial?

सहकारित मंत्री (श्रीमति भाकुन्तला भगवाड़िया) (क, ख, तथा,ग): विवरण विधान सभा के पटल पर रखा जाता है।

विवरण

(क) राज्य में 16 जिले है और इनमें 14 केन्द्रीय सहकारी बैंक निम्न– तालिका अनुसार कार्य कर रहे है:–

क्र0 स0	केन्द्रीय सहकारी बैंक का नाम	जिला क्षेत्र
1	दी अम्बाला केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 अम्बाला	क. अम्बाला ख. यमुनानगर
2	दी भिवानी केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 भिवानी	भिवानी
3	दी फरीदाबाद केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 फरीदाबाद	फरीदाबाद
4	दी गुड़गांव केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 गुड़गांव	गुड़गांव
5	दी हिसार केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 हिसार	हिसार
6	दी जीन्द केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 जीन्द	जीन्द
7	दी करनाल केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 करनाल	क. करनाल ख. पानीपत
8	दी कुरूक्षेत्र केन्द्रीय सह0 बैंक लि0	कुरूक्षेत्र

	कुरूक्षेत्र	
9	दी कैथल केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 कैथल	कैथल
10	दी महेन्द्रगढ़ केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 महेन्द्रगढ़	महेन्द्रगढ़
11	दी रोहतक केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 रोहतक	रोहतक
12	दी रिवाड़ी केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 रिवाड़ी	रिवाड़ी
13	दी सिरसा केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 सिरसा	सिरसा
14	दी सोनीपत केन्द्रीय सह0 बैंक लि0 सोनीपत	सोनीपत

(ख) यमुनानगर में केन्द्रीय सहकारी बैंक खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है।

खेड़ी लखा में सहकारी बैंक की भााखा खोलने का कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है।

(ग) केन्द्रीय सहकारी बैंक के स्थापना सम्बन्धी प्रस्ताव की औपचारिकतायें पूरी होने पर भीघ्र कार्यन्वित की सम्भावना है।

वक्तव्य–

मुख्य मंत्री द्वारा–

(1) हरियाणा के साथ नदी पानी के हिस्से पर हुए समझौते सम्बन्धि छपे समाचार के बारे में

Mr. Speaker: Hon'ble Members, I have recevied a Calling Attention Notice from Dr. Ram Parkash, M.L.A.----------(Interruptions)

Shri Verender Sinhg: Speker Sir, Zero hour is there. We want to speak on zero hour. अध्यक्ष महोदय, आज की अखबारों महोदय, मुख्यमंत्री और परसों भी एक लैटर छपा था, वह भी एक खबर ही थी अध्यक्ष महोदय मुख्यमंत्री पंजाब ने गवर्नमैंट आफ इण्डिया को लिखा है कि एक नवम्बर 1966 को जिस दिन हरियाणा वजूद में आया था, उसके प चात् जितने भी पानी के बारे एग्रीमैंट हुए है उन सबको रिव्यू किया जाए। यह जो खबर छपी है, उसे गवर्नमैंट आफ इण्डिया वाटर रिसोर्सिज मंत्री श्री विद्या चरण भाुल्क ने स्वीकार कर लिया है। वे रजामंद ही गए है कि 1966 के बाद जो पानी का एग्रीमैंट हुआ है, उसे रिब्यू कर लिया जाए। हमने परसों भी इस बारे में इस सदन में बात कही थी और यह बहुत चिन्ता की बात है। अध्यक्ष महोदय, 24 मार्च 1976 को चौधरी बंसी लाल जी ने एफर्ट्स करके ये एग्रीमैंट साईन करवाया था। उसके प चात् चौधरी भजन लाल जी मुख्यमंत्री थे।

श्री अध्यक्षः वीरेन्द्र सिंह जी ये बातें कई बार हाउस में बोली गई है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः अध्यक्ष महोदय, 1981 में एग्रीमैंट हुआ जिसमें इरैडी ट्रिब्यूनल ने इस केस की फाइन्डिग दी, यह ट्रिब्यूनल राजीव लोंगोंवाल एकोर्ड के तहत गवर्नमैंट मुकर्रर किया था। इरैडी ट्रिब्यूनल ने 1987 या 1988 में फाईनल फाइन्डिंगज दे दी, तो किस आधार पर गवर्नमैंट आफ इण्डिया पानी के एग्रीमैंट को रिव्यू कर रही है, हम मुख्यमंत्री जी से जानना चाहेंगे? दूसरे क्या गवर्नमैंट आफ इण्डिया को यह अख्तियार है कि वह हमारी सलाह लिए बिना, हमारी रजामन्दी के बिना, इस एग्रीमैंट रिब्यू कर सकती है? तीसरी, इडैडी ट्रिब्यूटन ने जो फाईनल फाइंडिंग दे दी है, जो उसी आधार पर हमारे पानी में किसी तरह की कटौती न हो, इसकी मैं हरियाणा गवर्नमैंट से ए योरैन्स चाहता हूं।

मुख्यमंत्री (चौधरी भजनलाल): अध्यक्ष महोदय, मै यह बात पहले ही क्लीयर कर देता हूं ताकि का टाईम खराब न हो। अध्यक्ष महोदय, ज्यों ही अखबरों में मैंने यह पढ़ा तो मुझे भी इस बात की चिन्ता हुई है कि कैसे चिठ्ठी लिखी गयी है। मैंने उसी समय सुबह आठ बजे वाटर रिसोर्सिज मिनिस्टर श्री विद्याचरण भाुल्क जी से फोन पर बात की कि क्या मुख्यमंत्री (पंजाब) ने आपको कोई चिठ्ठी खिली है। तो उन्होंने कहा कि मेरे पास कोई चिठ्ठी नही आयी है। और न ही मैने अनको कोई चिठ्ठी लिखी है। अखबारों में जो छपा है, वह बिल्कुल गलत बात है। अखबारों

में जो छपा है, उसके बारे में मैने उनसे कहा था कि आज जरूर अपोजी ान वाले इसके बारे में हाउस में कहेंगे। उन्होने मुझसे कहा था कि आप उनको यह देना कि मैनें उनकी चिठ्ठी नही लिखी है। अध्यक्ष महोदय, पानी का मसला रीओपन होने का कोई सवाल नही उठता है। कयदे कानून के मुताबिक भी पानी का मसला नही उठ सकताह है।

(2) फरीदाबाद में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आगमी सै ान में सरकारी म ाीनरी के दुरूपयोग सम्बन्धी छपे समाचार के बारे मे

श्री धीरपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, हमने नियम 73 के तहत एक कांलिग अटै ान मो ान दिया था कि फरीदाबाद जिले में कांग्रेस पार्टी का अधिवे ान होने जा रहा है। वहां पर सारा प्र ाासन आज कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा है, उसके पास और कोई काम ही नहीं है। अखबार में भी फोटो छपा है कि पी.डब्ल्यू.डी(बी.एड.आर.).का बुलडोजर वहां पर काम कर रहा है। होना तो यह चहिए था कि प्र ाासन को लोगों का काम करना चाहिए था, लोगों की दिक्कतों के लिए समय देना चाहिए था लेकिन वहां पर सारा का सारा प्र ाासन कांग्रेस के अधिवै ान की तैयारीयों में लगा हुआ है। आज इस बात से सारा प्रदे ा चितिंत है कि क्या यह सरकारी अधिवे ान है या कांग्रेस पार्टी का अधिवे ान है। इस करोड़ रूपये का खर्चा वहां पर किया जा रहा है। यह पैसा कहां से आ रहा है? आज हर व्यक्ति इस

बात को लेकर चिन्तित है कि यह सरकारी अधिवे ान है या कांग्रेस पार्टी का अधिवे ान है। इसके अलावा, ये अपना औफिस फरीदाबाद से दिल्ली ले आए है। वैसे ये औफिस चाहे फरीदाबाद लाये, चाहे दिल्ली लाये, हमें इस बारे में कुछ नही कहना है। लेकिन अध्यक्ष महोदय, वहां पर डी. सी. एस. ई और ऐक्सियन यानी सारा प्र ाासन केवल इसी बात पर लगा हुआ है। आज वहा पर यह कोई नही देख रहा है कि बिजली आती है या नही, लोगों को दूसरी सुविधाए मिलती है या नहीं पानी आता है या नहीं, इसलिए स्पीकर साहब, हम यह चाहते हैं कि सरकार इस बारे में बताए कि यह कांग्रेस पार्टी का अधिवे ान है या सरकारी अधिवे ान है?

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, कल के अखबारों में और खासकर अग्रेजी और हिन्दी के ट्रिब्यून में यह फोटो छपा है। इन अखबारों के फोटों में एक बुलडोजर काम कर रहा है जिस पर लिखा हुआ है हरियाणा पी. डब्ल्यू. डी. (बी. एड. आर.) इसके अलावा, अखबारों मे वि ोशकर नव भारत टाईम्स में भी लिखा हुआ है कि कांग्रेस अधिवे ान या सरकारी समारोह की तैयारियां। इन अखबारों में यह भी लिखा हुआ है कि फरीदाबाद के जिस किसी अधिकारी को सरकारी काम के लिए टेलीफोन किया जाता है, उसके घर से या दफतर से जबाव मिलता है कि वह सुरजकुंड मिलेगा। अखबारों में यह भी लिखा हुआ है कि मुख्यमंत्री जी ने वहां बैठकर इंडस्ट्रियलिस्ट्स को बुलाया और चन्दा इकठ्ठा किया।

खैर, यह तो इनका अपना काम है, लेकिन ट्रिब्यून अखबार में यह भी लिखा है कि वहां पर रेलवे की इरफोन कंपनी से एक भारी म ाीन आयी है जिसका 500 रूपये प्रति घंटा किराया लगता है। हम यह जानना चाहते है कि इस म ाीन का किराया कांग्रेस पार्टी देगी या गवर्नमैंट देगी? इसके अलावा यह जो सरकारी बुलडोजर वहां पर काम कर रहा है, क्यों कर रहा है? अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा, एक सीरियम बात यह भी है कि अखबारों में यह भी लिखा है कि वहां पर करीब 100 पेड़ काट दिये गये, जबकि एक पेड़ काटना भी गलत बात है। इन्होंने एकदम 100 पेड़ काट दिये और पता नही अभी कितने पेड़ और कटेगे। यह अखबारों में लिखा है। हम मुख्यमंत्री जी से जानना चाहेंगे कि सरकारी म ाीनरी का इतना दुरूपयोग क्यों किया जा रहा है। इसके अधिकारियों का नाम भी अखबारी में लिखा है। डिप्टी कमि ानर 24 घंटे वहां रहते है। मांगे राम गुप्ता जी कहते है क तनख्बाह देने के लिए पैसा नही है, खजाने खाली है दूसरी तरफ खजाने से इतना बेकार का खर्च किया जाता है।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, इस सम्बन्ध मैं मैने मेवात से जुड़ती हुई एक कालिंग अटे ान मो ान आपकी सेवा में दी थी, जिसके लिए आपने परसों इस सदन में फरमाया था कि यह अंडर कंसीड्रे ान है पिछली तीन महीने से

श्री अध्यक्ष: यह इससे जुड़ी हुई बात नहीं है इसलिए इसे रिकार्ड न किया जाए।

Shri Amar Singh: Speaker Sir, I want to draw the attention of this august House to towards a very urgent matter of public importance. As per the Service of Party. The sessoin of AICC is going to be held at Faridabad in the last week of this month. In order to make it a grand success and to please the party bosses, the Haryana Goverment is collecting huge money from the industrialists of Faridabad in particular and from the industrialists of the State in general.

The national dailies show that the D.C. Faridabad and total machinery of the State is engaged for the preparations of the above said session. The whole of the preparations is done by the Government machinery and not by the congress works.

Thus, the administratien of Faredabad district in particular and the State in general, has come to a standstill and public interest is igjored for party activities.

Under these circumstances, I request that Govenment of Haryana should make a statement in this regard on the floor of the House.

श्री अध्यक्षः अमर सिंह जी, आपने तो सारा नोटिस पढ़ दिया जबकि मैने इसे अभी एडमिट भी नहीं किया। इस बारे में बिद–इन 48 ऑवर्स गवर्नमैंट से कर्मन्ट्स मांगे है। कोई बात आपने वैसे ही कहनी थी तो कह देते। चौधरी बंसी लाल जी आपकी पार्टी के लीडर है, उन्होंने जो बात कह दी है, उसमें सब कुछ आ जाता है।

श्री सतबीर सिंह कादयानः स्पीकर साहब, मैने अपनी पार्टी की तरफ से एक काल अटै ान मो ान आपकी सेवा में दिया था कि वह जो 27 से 29 मार्च तक फरीदाबाद भाहर मैं कांग्रेस का अधिवे ान हो रहा है, इस बारे में स्पश्टीकरण दिया जाये। (व्यवधान व भाोर)। 27 से 28 मार्च तक ही सही। यह जो कांग्रेस अधिवे ान फरीदाबाद में ही रहा है, इस बारे में न केवल अखबारों में हरियाणा के रोड रोलर के फोटो छपे है जिनमें काम करते हुए दिखाया गया है बल्कि वास्तविकता यह है कि सारी डिस्ट्रक्ट एडमिनिस्ट्रे ान इस बात की तैयारी में लगी हुई है कि उस जगह को तरीके से लैवल किया जाये। भाहर में तीन बाई पास बनाये गये है, सैकड़ो दरखत काट दिये गये है, जबकि कैथल में एक बाई बनाने के लिए एक–आधा कोई दरखत काटना हो तो सरकार एक–एक साल तक उसकी मंजूरी नही देती, लेकिन यहां पर न मंजूरी है और न ही कोई दूसरी बात है। इस बारे में दैनिक ट्रिब्यून में फोटो छपा है। सरकार क्या इस तरह से सरकारी धन का दुरूपयोग नही कर रही है? बजट में तो इस सरकार के पास कोई ऐसा नही है, लेकिन कांग्रेस अधिवे ान के नाम पर धन लुटाया जा रहा है। हम चाहते है कि सरकार इस बारे में जवाब दे और हमारा आप काल अटैं ान मो ान स्वीकार करें। (व्यवधान व भाोर)

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, ए0 आई0 सी0 सी0 के से ान की चर्चा माननीय सदस्य ने की है।

साथ ही उन्होंने अखबारों का हवाला भी दिया है। बुलडोजर पर हरियाणा लिखा भी इन्होंने देख लिया। (व्यवधान व भाोर) हां मै बताता हूं। हम इन्कार थौड़े कर सकते है। सच्चाई से भागने की कोई बात ही नहीं है। अध्यक्ष महोदय, इस दे ा में एक बल्यू–बुक बनी हुई है। उसमें यह लिखा हुआ है कि प्रधान मंत्री राश्ट्रपति और केन्द्रीय मंत्री, जहां कहीं भी जायेगे, वहां उनकी सिक्योरिटी का पूरा इन्तजाम, उनके ठरहरने का पूरा इन्तजाम, पूरे रास्ते का इन्तजाम, उनकी स्टेज का पूरा इन्तजाम और सिक्योरिटी प्वायंट आफ व्यू से सारी बातें जितनी जरूरी होती है, का इन्तजाम बाकायदा कानून मुताबिक हर प्रदे ा को करनी पड़ती है, चाहे वे कहीं पर भी जाये। अब यहां पर कांग्रेस अधिवे ान हो रहा है। अब यहां पर तो कांग्रेस गवर्नमैंट है और अधिवे ान हरियाणा में ही रहा है। अगर कहीं पर कांग्रेस सरकार न भी हो, तो भी उस सरकार का सबसे पहला कर्तव्य है कि वह स्टेट गवर्नमैंट की तरफ से पूरा इन्तजाम करे। यही नही, आपको याद होग जब श्री राजीव गांधी जी की हत्या के बाद श्री जे0 एस0 वर्मा कमी ान बना, उस कमी ान ने अपनी रिपोर्ट में यह लिखा है कि राजीव गांधी, हालांकि उस समय एक्स मिनिस्टर थे, प्रधान मंत्री नही थे, तो उन्होने यह लिखा है कि जितना इन्तजाम होना चाहिये था, उतना पूरा नहीं हो सका था। यह उस वर्मा कमी ान ने इन्तजाम लिखा है। अध्यक्ष महोदय, कायदे के मुताकबिक जो बन्दोबस्त होना चाहिये, वह सरकार करेगी। इनके कहने से हम उसको टाल नहीं सकते क्योंकि वहां पर सेफटी की अत्यन्त आव यकता है। प्रधान

मंत्री की सेफ्दी का सवाल है, उनके रास्ते का सवाल है, पीने के पानी का सवाल है, बिजली का बंदोबस्त करने का सवाल है, वह सरकार अव य ही करेगी। लेकिन जहां तक अधिवे ान के लिये पैसा लगाने की बात है, बाकायदा कांग्रेस की तरफ से पैसा लगेगा। उसमें एक पैसा भी सरकार का खर्च होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। लेकिन जहां तक इन्होंने काम कि बुडडोजर रास्ते पर लगे हुए है और उस पर हरियाणा लिखा है, अध्यक्ष महोदय, बुलडोजर हरियाणा सरकार का काम कर रहा है, यह ठीक बात है। अगर वहां पर सड़क चौड़ी होगी तो उसको तो हरियाणा गवर्नमैंट की चौड़ा करेगी। प्रधान मंत्री जिस रास्ते से आएंगे। अगर वह रास्ता ठीक नहीं है। तो उसको भी हरियाणा सरकार ही ठीक करेगी सड़क रोड़ रोलर से ही ठीक हो कसती है और रोड रोलर से सड़क बनती है। स्पीकर साहब चौधरी बंसी लाल ने भी कुछ बातें कहीं। चौधरी बंसी लाल जी, आपके बारे में तो मै क्या कहूं। आपने सारे कारनामें कर रखे है। आपको तो इन सब बातों का तजूर्बा है। आपको तो कुछ कहना ही नहीं चाहिए। आपने भी फरीदाबाद में कांग्रेस अधिवे ान कराया था और उस समय सारा पंडाल जल गया था। स्पीकर साहब, इन्होंने यह कहा कि सरकारी म ाीनरी लगी हुई है.....(भाोर)

श्री कर्ण सिंह दलालः आन ए प्वाएंट आफ आर्डर, सर। स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सुरजकुंड के बारे में तो कह दिया कि वहां बड़े–बड़े लोग आएंगे लेकिन

बड़ाखल लेक पर तो कांग्रेस अधिवे ान नहीं हो रहा है, वहां पर भी हरियाणा सरकार की म ीनरी लगी हुई है और करोड़ो रूपया हरियाणा सरकार का खर्च किया जा रहा है। (भाोर)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, बड़खल लेक पर भी कुछ मुख्य मंत्री ठहरेंगे। उनका भी इन्तजाम करना हमारा फर्ज है। (व्यवधान व भाोर)। इन्होंने यह भी कहा कि वहां पर कोई रेलवे की म ीनरी भी है जो काम कर रही है। स्पीकर साहब, आपको पता है कि सरकारी म ीनरी वहां पर है तो उसका बाकायदा किराया ए0 आई0 सी0 सी0 (आल इंडिया कांग्रेस कमेटी) या प्रदे ा कांग्रेस कमेटी देगी। हर प्राईवेट फर्म या प्राईवेट आदमी सरकारी म ीनरी को किराए पर ले सकता है। (व्यवधान व भाोर) आप अपने दिमाग को बढ़िया सबित करना चाहते है, इसको तो आपको कौरा रखना चाहिए। (व्यवधान व भाोर) मैं एक बात कहूंगा तो फिर आप गुस्सा होंगे। (व्यवधान व भाोर) स्पीकर साहब, मै एक मिसाल सुनाता हूं। एक आदमी को अक्ल चाहिए थी। वह अक्ल खरीदने क लिए बाहर निकला। सब से पहले वह एक वकील के पास गया। उसने सोचा कि वकील बहुत समझदार होता है मुकदमे लड़ता है और लोगों को फांसी से छुडवा देता है। उसने वकील से पूछा कि अक्ल कितने में मिलेगी? वकील ने कहा कि एक लाख रूपए मिलेगी। उसने काह कि ज्यादा है। फिर वह आदमी डाक्टर के पास गया। उसने सोचा कि डाक्टर मरीजों को

ठीक करता है और बड़े–बड़े आप्रे ान करता है। उसने डाक्टर को कहा कि मुझे अक्ल चाहिए। डाक्टर ने पूछा कि अक्ल मांगने तू कही और भी गया था? वह कहने लगा कि हां। तो उसने क्या मांग था? वह कहने लगा कि एक लाख। डाक्टर कहने लगा कि मै तो डेढ़ लाख लूंगा क्योंकि मेरी उससे पढ़ाई दो साल ज्यादा है हम बडे–बड़े आपरे ाज करते है, लोगों को मौत के मुहं से बचते है इसलिये मै तो डेढ़ लाख लूंगा। फिर वह आदमी किसी इंजीनियर के पास गया। कहने लगा कि भाई मुझे अक्ल चाहिये। इंजीनियर ने पूछा कि किसी और के पास भी गया था? उसने क्या मांगा? वह कहने लगा कि हां एक ने लाख मांगा था और दूसरे ने डेढ़ लाख मांगा था। तो इंजीनियर कहने लगा कि मै तो दो लाख लूंगा क्योंकि हम बडे–बडे डैम बनाते है, पुल बनाते है। फिर वही आदमी के पास कि मुझे अक्ल चाहिये। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, चौधरी के बारे में यहां पर जी कुछ कहा जा रहा है वह रिकार्ड पर नहीं आना चाहिए। इस तरह की बेबुनियाद कहानियां यहां पर गढ़ने का क्या मतलब है? अगर कोई सदस्य जायब बात कहते है तो यें कहने लगते है कि हाउस का समय बरबाद हो रहा है। क्या इस तरह की कहानियों से हाउस का समय ये खुद बरबाद नहीं कर रहे है? इसलिये यह सब कुछ रिकार्ड पर नही आन चाहिये। (ाोर)

श्री अध्यक्षः ठीक है, चौधरी साहब का नाम कार्यवाही से निकाल दिया जाये।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मुझे अपनी बात तो पूरी करने दीजियेगा। अध्यक्ष महोदय, मुझे खु ाी है कि आज कल चौधरी बंसी लाल और चौधरी देवी लाल का प्यार हो गया है। (हंसी) पहले जो भाशा उनके बारे में ये इस्तेमाल किया करते थे वह सब को मालूम है। चलो, अच्छी बात है, इन्होंने उनकी इज्जत की और हम भी करते है। इन्होंने दूसरी बात यह कह दी कि सरकार ने कई सौ पेड़ काट दिए। (विघ्न)

श्री बंसी लालः मैने कई सौ नही कहा था, एक सौ कहा था।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने पूरे सौ कह दिया, जैसे में खुद गिन कर आए हो। पेड़ काटने का सवाल ही पैदा नही होता। बीच में कोई छोटा मोटा झाड़–फूस आ गया होगा, उसके बारे में मै इन्कार नही करता कि वह नही काटा पहले सफाई करनी पड़ती है। क्या में खुद ऐसा नहीं करवाते रहे? वैसे ही किसी पर इलजाम नहीं लगाना चाहिए और पहले अपने गिरेबान में झांक लेना चाहिए। इसलिए किसी बड़े पेड़ को काटने का सवाल ही पैदा नहीं होता।

श्री कर्ण सिंह दलालः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है। मै इनसे जानना चाहता हूं कि क्या इनको सारे हिन्दुस्तान में यह सै ान करने के लिए केवल फरीदाबाद नजर आया कोई डिवैल्पमैंट का काम करना होता है तो वह जिला

हिसार में किया जाता है और दूसरे कामों के लिए फरीदाबाद नजर आता है.....

श्री अध्यक्षः यह कोई प्लांयट आफ आर्डर नही है, आप बैठिए।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ये कहते है कि फरीदाबाद में डिवैल्पमैंट के काम नही होते। इस सै ान की वजह से वहां पर डिवैल्पमैंट भी होगी। वहां पर हम पानी का और बिजली का काम कर रहे है। वहां पर सड़के भी बन रही है, क्या उनको हम बात में फाड़ कर ले जाएंगे? तो अध्यक्ष महोदय, कोई भी गल्त काम करने का सवाल नहीं हो सकता। इन्होंने कहा कि पैसे इकट्ठे करने जा रहे है। जहां तक पैसा इकट्ठा करने का सवाल है,.....(ाोर एवं व्यवधान)

श्री धीर पाल सिंहः स्पीकर साहब, हमने खुद कुछ नही कहा। हमने तो पेपर की बात है कि उसमे खिला है कि दस करोड़ रूपया इकट्ठा किया गया है। यह रूपया कहां से आया, यह पेपर में लिखा है। (ाोर)

चौधरी भजन लालः मै कब कहता हूं कि बगैर पैसे के काम चलता है? चौधरी देवी लाल ने इलैक ान में सौ करोड़ रूपय बांट दिए थे। क्या वे खेत की सरसों और चने बेच कर बांटे थे। (ाोर)

श्री राम कुमार कटवालः .....

श्री अध्यक्षः कटवाल साहब ने जो कुछ कहा है, वह रिकार्ड न किया जाए। ही नही है और सरकारी म ाीनरी का इस्तेमाल होने का सवाल ही पैदा नही हो सकता। हरियाणा में कांग्रेस का अधिवे ान होना हरियाणा के लिए बड़े फखर की बात है आज 24 साल के बाद हरियाणा में इंडिया कांग्रेस का अधिवे ान होने जा रहा है। यह हरियाणा प्रदे ा की इज्जत का सवाल है और हम सबको हमारी सबकी इज्जत मान कर चलना चाहिए। उस अधिवे ान में सारे के बड़े–बडे लीडर आएगे, इसलिए उनकी सिक्योरिटी की और सारी फैसिलिटीज का इंमताम होना चाहिए।

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मत्री जी ने अभी अपनी स्पीच में बड़े ड्रामैटिक ढंग से बात को टालने की कोि ा ा की, मगर यह बात इस तरह से टालने से टलती नही है। इन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री जी की सिक्योरिटी के लिए बल्यु बुक होती है। ये अपने हाथ में कोई और ही बुक लिए हुए है। प्रधान मंत्री जी की सिक्योरिटी के लिए तो बहुत छोटी बल्यु बुक होती है। ये तो बहुत बड़ी किताब उठाए बैठे है। प्रधान मंत्री जी की सिक्योरिटी के लिए जो बल्यू बुक होती है मैन उसमें अमैंडमैंटस भी करवा रखी है जो आपको पढ़नी भी नहीं आती। प्रेजीडैट और प्रधान मंत्री जी की सफर के लिए सिक्योरिटी की बल्यू बुक होती है, रिकार्ड पर है। अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री या दूसरे वी0 आई0 पीज0 यहां आए, उनकी सिक्योरिटी के लिए

सरकार जितना प्रबंध करे, उसमें हमें कोई एतराज नहीं है और के लिए इन्टाइटल्ड है। रहा सवाल सड़को का सड़कों का, सड़के प्रधान मंत्री जी के आने के लिए चौड़ी करवाएं, बगैर प्रधानमंत्री जी के आए हरियाणा की कोई सड़क चौड़ी लिए जो साइट चुनी, जिस पर इतना रूपया खर्च हो रहा है, पेड कट रहे है, वह ठीक नही हैं। फरीदाबाद में दो बड़े बडे मैदान है, वहां पर आपने कांग्रेस का अधिवे ान क्यों नही करवा लिया? वहां पर जो पैसा खर्च किया जा रहा है, क्या वह कांग्रेस पार्टी का किया जा रहा है? सरकार के अधिकारी का बगैर नाम लेना, कांग्रेस तो कोई थोड़ा बहुत पैसा देगी तो देगी, वरना सारा पैसा हमारा ही लगेगा। यह बात अखबार वाले ने लिखी है।

एक आवाजः आप अपने वक्त को भी बता दें। (ाोर)

श्री बंसी लालः मै अपने वक्त की भी बात देता हूं। अध्यक्ष महोदय, 1969 में मैने फरीदाबाद में ए0 आई0 सी0 सी0 का सै ान करवाया था और वह खाली मैदान में करवाया था। आज भी फरीदाबाद में खाली मैदान है। यह बात ठीक है कि उस समय आग लग गई थी। हमने फरीदाबाद के इंस्ट्रीयलिस्टस पर कोई प्रै ार नही डाला थी। पूरे फरीदाबाद से 1 लाख 65 हजार रूपए इकट्ठे हुए, बाकी पैसा हमने बाहर से लिया और जिससे लिया, उसको बाकायदा रसीद दी। जब वहां पर आग लग गई तो फरीदाबाद के इंडस्ट्रीयलिस्टस ने यह कहा कि पैसा इकट्ठा करने में चीफ मिनिस्टर ने हमारे ऊपर कोई ज्यादती नहीं की। जो कुछ

पैसा हमने दिया वह ले लिया और रात रात में वहां के इंडस्ट्रीयलिस्टस ने पंडाल तैयार कर दिया। इसके अलावा, पंडाल के साथ उन्होंने एक किचन बनाई, उसमें पांच दिन तक 10 हजार आदमी मुफ्त खाना खाते रहे और चाय पीते रहे। ये लोग भी उन खाली मैदानों में अपना अधिवे ान कर सकते है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इन्होंने एक बात तो यह कह दी कि वे बल्यू बुक जानते है, हम कब कहते है कि ये बल्यू बुक नहीं जानते। आप मिनिस्टर रहे है। आप बड़े काबिल वकील रहे है। (ाोर)

श्री सतबीर सिंह कादियानः क्या आप इनको काबिल वकील नही मानते?

चौधरी भजन लालः मै तो इनको बेहद काबिल मानता हूं। मै इनकी मिनिस्टरी में मिन्स्टिर भी रहा हूं। जो हकीकत है, वह माननी ही पड़ेगी। ये बड़े काबिल है, इसमें कोई दो राय नहीं है। लेकिन अब इन्होंने खुद मान लिया कि इन्होंने फरीदाबाद के इंडस्ट्रीयलिस्टस से चन्दा इकट्टा किय था लेकिन उन पर कोई प्रै ार नही डाला। प्रै ार की सुना लो। क्य आपके पास वहां से किसी पर प्रै ार डालने के बारे मे कोई ि ाकायत आई है?

श्री बंसी लालः हमारे पास तो इस तरह की कोई ि ाकायत नही आई है, मगर अखबार लिखता है।

चौधरी भजन लालः चौधरी साहब आप मेरी बात सुनिए। उस जमाने का 1 लाख 65 हजार रूपया आज एक करोड़ रूपय के बराबर है। अगर आप वकील है तो हिसाब लगा कर देख लें, 24 साल पहले की बात है, अगर नहीं लगाते तो वह आपकी मर्जी है। साथ में आपने यह कह दिया कि इन्होंने वहा के इंडस्ट्रीयलिस्टस पर कोई प्रै ार नहीं डाला। इसके प्रै ार की सुन लो। ये एक रोहतक के फैक्टरी वाले को दिल्ली से टेलीफोन कर के चले। इन्होंने कहा कि मुझे भााम तक इतने रूपये भेज देना। उसने मना कर दिया तो रोहतक के डी0 सी0/एस0 पी0 को टेलीफोन किया कि इतने बजे मै रोहतक से गुजर रहा हूं, उससे पहले पहले इस आदमी को हथकड़ी लगाकर जेल में डाल दी। (विघ्न) यह हकीकत है। (ाोर एवं व्यवधान) जहां तक इनके प्रै ार न डालने की बात है, वह मैने बताई है। अध्यक्ष महोदय, फरीदाबाद में ए0 आई0 सी0 सी0 का सम्मेलन हो रहा है और जितनी मदद हम उनकी कर सकते है उतनी करेंगे, इससे मदद भी हम, उनकी लेंगे, इसमें कोई दो राय नही।

वैयक्ति स्पश्टीकरण–

श्री बंसी लाल द्वारा

श्री बसी लालः आन ए पर्सनल एक्सप्लेने ान सर। अध्यक्ष महोदय, मैने किसी रोहतक के इण्डस्ट्रीलिस्ट पर प्रै ार नही डाला है। रोहतक में किसी कोई इण्डस्ट्री हो नहीं जो चन्दा

दे सकती हो। न ही मै रोहतक के किसी इण्स्ट्रीलिस्ट का जानता हूं। वहां पर इण्डस्ट्री है ही नहीं। इनकी यह बात निराधार है और इतनी ही सच है जितनी इनकी सच बोलने की परसैन्टोज है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मोहन स्पीनिंग मिल रोहतक का जो व्यक्ति उस वक्त इंचार्ज था, उसको जेल में डाला गया था परसैन्टेज है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मोहन स्पीनिंग मिल रोहतक का जो व्यक्ति उस वक्त इंचार्ज था, उसकी जेल में डाला गया था। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी कृश्ण मूर्ति हुड्डाः अध्यक्ष महोदय, यह बात बिल्कुल सच है, क्योंकि में उस वक्त यूथ कांग्रेस का सैक्रेटरी था और इनके बड़े नजदीक होता था।

श्री बसी लालः आन ए पर्सनल एक्सप्लेने ान सर। अध्यक्ष महोदय, मै रोहतक के किसी स्पीनिंग मिल मालिक को नही जानता और न ही मै कभी उसके पास गया। इसलिए पैसे लेने का तो सवाल ही पैदा होता। ये जितने मर्जी इल्जाम लगा लें लेकिन उनमें कितनी सच्चाई है उसके बारे मे आप भी जानते है और यह सदन भी जानता है।

ध्यानाकर्शण प्रस्ताव

राज्य में मद्य निशेध अन्दोलन के फेसने सम्बन्धी

Mr. Speaker: Hon'ble Members, I have received a Calling Attntion Notice No. 4 given notice of by Dr. Ram Parkash M.L.A. regarding spreading fo agitation for prohibition in the State. I admit it Dr. Ram Parkash may please read his notice and the Co ncerned Minister may make the statement therafter.

डा0 राम प्रका ा: अध्यक्ष महोदय, मै इस महान सदन का ब्यान एक अत्याव यक लोक महत्व के विशय की और दिलाना चाहता हूं कि मद्य निशेध आन्दोलन सारे हरियाणा में तेजी से फैरा है। ग्रामीण क्षेत्र के स्त्री–पुरूश भाराब के ठेकों पर धरना दे रहा है। स्त्रियां अधिक संख्या में प्रद र्शन कर रही है। सामाजिक तथा धार्मिक संस्थान भी उसमें भारी संख्या में भाग ले रहे है। स्वान्त्रता के बाद मद्य निशेध के विरूद्ध यह आन्दोलन एक बहुत व्यापक आन्दोलन है। अतः जनपत को दृश्टिगत रखते हुए मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि वह इस मामले में की भाईया की जाने वाली प्रस्तावित कार्यवाही के संबंध में सदन पर एक वक्तव्य दे तथा इस संबंध आबकारी नीति, आदि के बारे में सूचित करें।

वक्तव्य–

आबकारी तथा कराधान मंत्री द्वारा, उपयुक्त ध्यानाकर्शण प्रस्ताव संबंधी

Mr. Speaker: Now, I request the Excise and Taxation Minister to make the statement.

आबकारी तथा कराधान मंत्री (श्री ए0 सी0 चौधरी): अध्यक्ष महोदय, पिछले कुद महिनों से कुछ राज्य में वि ोशकर करनाल, कैथल व जीन्द जिलों में भाराब पीने के विरोध में धरने कर रहे है। ऐसी रिपोर्ट मिली है कि आर्य समाज के सदस्य, लोगों का भाराब न पीने का आग्रह कर रहे है तथा पंचायतों को उनके क्षेत्र मे भाराब बन्दी लागू करने के लिए प्रस्ताव पास करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

2. इस बारे मे, मै यह स्पश्ट करना चाहूंगा कि सरकार राज्य में मदिरापान को बढ़ाने के हक में नहीं है। दूसरी और सरकार ने इस पर रोक लगाने के लिए निम्न कदम उठाऐ है:—

(I) भाहरी इलाकों में देसी भाराब के ठेकों के साथ अहातों की पद्धति की 1—4—92 से समाप्त कर दिया है।

(II) यह निर्णय लिया गया है। कि वर्तमान ठेकों की संख्या को बढ़ाया नही जाएगा।

(III) देसी भाराब पर उत्पदान भाुल्क 16 रूपय से बढ़ा कर 18 रूपय प्रति प्रुक लिटर तथा रम और जिन पर 17 रूपय में बढ़ा कर 19 रूपय प्रति प्रूफ लिटर किया गया है। भारत में बनी विदे ाी भाराब पर उत्पदन भाुल्क 40 रूपय से बढ़ा कर 41 रूपय प्रूफ लिटर कर दिया गया है। इसी बढ़ौतरी का उद्देद ा भाराब को महंगी कर इसके सेवन को घटना है।

(IV) दे ी भाराब, रम व जिन तथा भारत में बनी विदे ी भाराब का न्यूनतम मूल्य भी बढ़ा दिया गया हे।

पंचायतों द्वारा अपने क्षेत्र में भाराब के ठेकों के खोलने के विरूद्ध पास किए प्रस्ताव आम तौर पर स्वीकार कर लिए गए है।

4. इसके साथ–साथ राज्य सरकार इस बात के लिए भी उत्सुक है कि लोग असुरक्षित कच्ची व मिलावटी भाराब, जो स्वास्थय के लिए हानिकारक है, न पीएं। इसके लिए यह देखना आव यक है कि सुरक्षित है कि सुरक्षित भाराब राज्य में उपलब्ध हो तथा मिलावटी भाराब के पीने से कोई मानव दुर्घटना का ि ाकार न हो, को टाला जा सके। यदि ठेकों को बन्द किया जाता है तो यह सम्भावना/डर है कि राज्य में भाराब की तस्करी और कच्ची भाराब निकालना इसका स्थान ले लेगा। इससे ऐसी स्थिति पैदा हो जाएगी कि लोग मिलावटी कच्ची भाराब पीने लगेगे जिसका परिणाम मृत्यु होगी या ठीक न होने वाला स्वास्थ्य नुकसान उठाएंगे। इस प्रक्रिया से सरकार के राजस्व की बहुत हानि होगी। भाराब बन्दी सबसे बड़ा लाभ असामाजिक तत्वों को ही होगा।

5. होने वाले विपरित प्रभाव की वजह से भाराब बन्दी लागू करना समाज के बड़े हित में नही समझा गया है। इसके लिए

एक न्ययिक उत्पाद नीति का पालन करना आव यक है और ऐसा ही राज्य सरकार कर रही है।

डा0 राम प्रका I: अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि कया मंत्री महोदय जन–भावना की कदर करते हुए कांग्रेस की मान्यताओं के अनुसार तथा अब गांधी जी इच्छ यदि डिक्टेटर हूं तो एक वर्श में भाराब बन्द कर दूं तथा गुरू नानक जी की मान्यता–

''माड़ा न ाा भाराब का उतर जाए प्रभात

नाम खुमारी नानका चढ़ी रहे दिन रात'',

गुरूदेव महर्शि दयानन्द एवं श्री जम्भे वर जी महाराज आदि महापुरूशों की ि ाक्षा के अनुरूप जहां की पंचायतों ने भाराब बन्दी के प्रस्ताव पास किए है, उनमें से 222 अनिर्णित यानि अन–डिसाईडिड प्रस्तावों की मन्जूर कर के क्या इस भाराब की लानत को दूर करेंगे? प्रस्तावों में 56 प्रति ात की स्वीकार करना आमतौर पर स्वीकार करना नही कहा जा सकता। स्पीकर साहब, मै माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहूंगा कि कितने ठेकों पर धरना चल रहा है और क्या सरकार उन लोगों से बातचीत करना चाहेगी?

श्री ए0 सी0 चौधरी: स्पीकर साहब, आपको याद होगा, मैने पिछले दफा कहा था कि अभी मामला विचारधीन है। मै अपने फाजिज दोस्त को यह बताना चाहूंगा कि कुल 569 प्रस्ताव आए

थे। जिसमें से 519 प्रस्तावों को हमने स्वीकार कर लिया है। बाकी जो 50 रहते है, उनमें से 15 पंचायतों ने प्रस्ताव वापिस ले लिये है और 26 प्रस्ताव टाईम बार्ड थे, सिर्फ 9 प्रस्ताव हमारे क्राईटीरिया के मुताबिक नही थे। 569 प्रस्तावों कि हमारा उद् य भाराब का फैलाव करना नही है बल्कि जनहित करना है। लोगों के हितों को ध्यान में रखकर ही ऐसा किया गया है।

डा0 राम प्रका ः अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात यह है कि कितने ठेकों पर धरना चल रहा है और क्या सरकार उनमें बातचीत करना चाहेगी?

श्री ए0 सी0 चौधरीः अध्यक्ष महोदय, 9 या 10 ठेकों पर धरना चल रहा कल की रिपोर्ट के अनुसार 3–4 धरने और उठ गए है। अगर आप सारी समस्या तो वि वास के साथ कहता हूं और निश्पक्ष तौर पर आप महसुस करेंगे कि आर्य– समाज या कोई अन्य संस्था, भाराब–निशेध के लिए धार्मिक और भाुद्ध भावना से काम नही कर रही है, बल्कि वह पक्षपाती तत्वों द्वारा फैलाई हुई एक.....

डा0 राम प्रका ः अध्यक्ष महोदय, मै इस बात का वि ोश करता हूं जो आवे समाज के बारे में लांछन लगाया गया है। इनका आर्य समाज को यह कहना कि वे धार्मिक भावनाओं से काम नहीं कर रहे है, यह हमारा अपमान है यह सहन नही किया जायेगा। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री ए0 सी चौधरीः अध्यक्ष महोदय, मेरा तो यह कहना है कि आर्य समाज से सम्बन्धित कुछ लोगों को छोड़ कर, बाकी ऐसे लोग है जो भाराब का अवैध धन्धी करते थे, जिनको हमारी पालिसी से नुक्सान हुआ है। वे असामाजिक तत्व, जो कच्ची भाराब लाते थे और बाहर से तस्करी करके लाते थे, उनकी दुकाने बन्द हो गई है। इसलिए वे इस किस्म का वातावरण पैदा कर रहे है। ताकि समाज की भावनाओं को कलै ा करते हुए अपनी दुकाने खोल सकें। मै धर्म में आस्था रखने वाला हूं और उस नीति से हर धार्मिक व्यक्ति का आदर करता हूं। मै आपसे एक प्रार्थना करूंगा कि जहां तक सामाजिक कुरीतियों की बात है, सरकार आपकी है। आपकी हर जायज मांग को मानेगी। वे लोगों तो चाल चल कर भोले–भाले लोगों की भड़का कर अपने उद् य के लिए इस्तेमाल करना चाहते है और अपना उल्लू सीधा करना चाहते है। मै यह यह कहना चाहता हूं कि वे नकली भाराब बेच कर लोगों की जिन्दगी से न खेले, इस बारे में हम विचार करेंगे। इन्ही भाब्दों के साथ आपको आ वासन देता हूं कि सरकार लोगों की भावनाओं का आदर करती है और हर मुमकिन कोि ा ा करेगी। जैसा कि मैने पालिसी मे बताया है कि सरकार यह सब पैसा वसूल करने की नियत से नही कर रही है बल्कि सामाजिक तौर परावह पूरी तरह से जागृत है।

श्री अमर सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै भी इस बारे में बोलना चाहता हूं।

श्री अध्यक्षः आप इस सम्बन्ध में नहीं बोल सकते। यह काल अटैं ान मो ान उनकी तरफ से ही था। आप इस पर कुछ नही बोल सकते।

(इस समय बहुत से मैम्बर बोलने के लिए खड़े हो गए।)

श्री अध्यक्षः आप सब बैठ जाए।

सदन के निर्णय को रद्द करना

श्री धीर पाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, बजट पर चर्चा होने जा रही है और विपक्ष के नेता सम्पत सिंह हाऊस में नहीं है। उनकी गैरहाजिरी में चर्चा हो, यह अच्छा नहीं लगता। मंत्री महोदय ने यह कहा है कि इन को सबक सिखाना पड़ेगा। (ाोर)

श्री अध्यक्षः श्री धीर पाल सिंह जी, उन्होने ऐसे कोई बात नही कही। जैसे आपने मजाक किया था वैसे ही उनके मुंह से बात निकल गई होगी।

श्री धीर पाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मै भांका जाहिर कर रहा हूं कि सरकार की ऐसी बदनियती जाहिर होती है कि पिछले सै ान के होने के बाद उनके घर पर छापे मारे गए। उसके बाद जब वे लोग इस हाउस में जाए तो उन पर माईक तोड़ने का आरोप लगया गया और उनको हाऊस से निकाला गया। मेरी गुजारि ा है कि जो उनको पूरे सै ान के लिए सस्पेड किया गया

है, उस ाके रिवोक किया जाए। अध्यक्ष महोदय, जब चर्चा मे विरोध पार्टी के नेता भारीक न हो तो उस चर्चा का महत्व नही रहता। अध्यक्ष महोदय, आप एक आदे ा जारी करें ताकि श्री सम्पत सिंह जी को हाऊस में आने की इजाजत दे दी जाए। यह मेरी आपसे गुजारि ा है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर सर, आपने नेम करके परसों श्री सम्पत सिंह को निलंम्बित किया for the remainder period the the Session और साथ ही कल सत्ता पक्ष की और से प्रीविलेज मो ान भी आ गया।

श्री अध्यक्षः इन्हे for tne remaider period of the Session हाऊस ने निलम्बित किया है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः जी हां और वह प्रीविलेज मो ान ट्रेजरी बेचों की और से मूव हो गया और लीव आफ दी हाऊस भी ग्रांट हो गयी। स्पीकर साहब, अब हमने अखबारों में पढ़ा है कि अब उन्होंने हाउस से अनक्वालीफाई अपोलोजी टैन्डर कर ली है। इस बिना पर वे हाऊस में आ तो नही सकते, जब तक आप अपने आर्डर्ज रिव्यू न करें। आप जो ऐक ान ले सकते थे वह आपने ले लिया, गवर्नमैंट की और से जो मोशन आ सकता था, वह भी आ गया। He has also tendered unqualifled a pology out of the House. अब आप की ही डिसक्रि ान रह गई है। गवर्नमैट की हैल्प के बिना तथा अपोजी ान की हैल्प के बिना, अब आाप पर निर्भर

करता है कि जो कुछ अखबारों में छपा है, उसकी बिना पर आप अपने उस आर्डर को रिव्यू करना चाहूंगे या नहीं चाहेगे? the entire discrition lies upon you Sir. तो मेरा आपसे नम्रता से निवेदन है कि आप बड़े इम्पा र्ल है। इस हाऊस में हमारा भी आप पर इतना ही हक है जितना कि ट्रेजरी बैचिज वाली का है। तीन दिन से भी आप पर हाऊस में नही आ रहे है, इसलिए मै समझता हूं कि अब उनको काफी सजा ही गयी है और आप उस आर्डर को रिव्यू कर लें जो आपने उनको बाकी सत्र के लिए निलम्बित करने के बारे में दिया है। उनको आज से हाऊस में आने की अनुमति आप दे ताकि वे भी अपनी डैलीब्रे ान में हिस्सेदारी कर सके।

श्री अमर सिंहः स्पीकर सर, हाऊस में आप हमारे कास्टोडियन है। हमारे राईट्स और ड्युटीज का आपने ध्यान रखना है। हमसे तेजी में कुछ गलतियॉ भी हो जाती है। जिस तरह तेजी में आकर लीडर आफ दी हाऊस ने अपना ब्यान दिया, उसी भावना से उन्होंने अनकंडी ानल अपोलोजी टैन्डर की है। यह सारे अखबारो में भी आया है। जैसा कि मुख्यमंत्री जी कल खदसा जाहिर कर रहे थे कि उनका बयान सारे अखबारो में आया है, मै यह कहता हूं कि आज सभी पेपरों में उनका अनकंडी ान अपोलोजी टैन्डर का भी बयान आया है। स्पीकर सर, आप तो ऐजूके ानिस्ट है, बहुत मेहरबान है, सारा जमाना आपने देखा है। तथा आपका काफी एक्सपीरिएंस भी है। इससे रूलिंग ग्रुप को

कोई लाभ मिलने वाला नही है क्योंकि जनता में इस बात को और अधिक भड़काया जायेगा कि मैजोरिटी के आधार पर यह ऐक ान लिया गया है। स्पीकर सर, मेरा यह मानना है कि चेयर का फर्ज बनता है कि वह हर बात को देखे। साथ ही हमारा भी यह फर्ज बनता हे कि हम चेयर के खिलाफ कोई बात न कहे, चेयर की मर्यादा या गरिमा को कम न करे। स्पीकर सर, जैसा कि आनरेबल मैम्बर्ज चौ0 धीरपाल सिंह जी ने और थी वीरेन्द्र सिंह जी ने कहा है कि उन्होंने अब अन–कंडी ानल अपोलोजी टैन्डर कर ली है और यह बात सारे नै ानल पेपर्ज में आयी है, इसलिए मैं समझता हूं कि आप कल वाले फैसले को, जो हाउस में प्रिविलेज मो ान पास हो गई है और वह मो ान प्रिविलेज कमेटी को रैफर कर दिया गया है, उस फैसले की रिव्यू किया जाए और लीडर आफ दि अपोजी ान को बुलाया जाए और हाउस मे बैठने की इजाजत दी जाएं।

श्री राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, आपने स्वयं कल प्रयास किया। सभी राजनैतिक दतों के प्रमुख लोगों को बुलाया, फिर बीच में हाउस एक घंटे के लिए एडजर्न भी हुआ। हम सब लोग भी आपसे मिले, हमारी जो बातचीत हुई, आपको मालूम है और स्पीकर सर, जैसा आप जानते है कि दो प्रोसीडिग्ज एक साथ नहीं चलनी चाहिएं। कल विपक्ष के नेता की तरफ से समाचार पत्रों में आ गया और बिन किसी भार्त के उनकी अपोलोजी टेन्डर हो गई। सदन में वे क्यों नही आ सकते? सदन के बाहर उन्हौंने

कहा कि सदन में अध्यक्ष में वे क्यों नही आ सकते? सदन के बाहर उन्होने कहा कि सदन में अध्यक्ष के खिलाफ मैनें जो कुछ कहा है वह विदड्रा कर लिया है। सारे सदन की यह भावना है और आपकी गरिमा की केवल सत्तापक्ष के लोगों को ही चिन्ता नहीं है, हमें भी उतनी ही चिन्ता है, आपकी गरिमा में हमारी हमारी गरिमा जुड़ी हुई है। सदन की गरिमा का आप प्रतिनिधित्व करते है। संपत सिंह जी ने अपनी गलती के लिए प चाताप कर लिया है इसलिए उनको सदन में आने दिया जाए तो इससे सदन की गरिमा ही बढ़ेगी। स्पीकर सर, जैसा सभी वरिश्ठ साथियों ने कहा है और आप भी चाहते हे, कल आपने दो–तीन बार प्रयत्न भी किया। श्री संपत सिंह जी अपोजी ान के माननीय नेता है, उनकी कल की जो अपोलोजी है, उसके बाद कुछ रह नही जाता इसलिए आप इस पर पुरर्विचार करने की कृपा करें। यही मेरी आपसे गुजारि ा है।

